साईं तेरे दर पे

छोड़ कर साथ दुनिया का,
तेरे दर पे जब से आया,
जो भी क़िस्मत ने छीना था,
तेरे चरणों में सब पाया,
हमेशा यूं ही बनाए रखना,
अपना हाथ मेरे सर पे,
साईं तेरे दर पे,
साईं तेरे दर पे,
ख़ुद मैंने पाया,
साईं तेरे दर पे,
सारे गम भुलाया,
साईं तेरे दर पे.....

दिल मेरा हर बार ये गाए,
चल उस राह जो शिरडी जाए,
प्यार के बिन सुनसान है दिल,
मन खुशियों के बिन खाली है,
मेरे जैसे दर पे आए जाने कितने सवाली हैं,
तू सबको चरणों में रख ले बाबा,
अपने प्यार से तर कर दे,
साईं तेरे दर पे,
साईं तेरे दर पे,
ख़ुद मैंने पाया,
साईं तेरे दर पे,
सारे गम भुलाया,
साईं तेरे दर पे.....

मैंने जब से होश संभाला,
साईं मेरा तू रखवाला,
तेरी ही दरबार में बाबा सारी उम्र बिताऊं मैं,
जी करता है सबसे सच्चा भक्त तेरा कहलाऊं मैं,
नजारें तू अपने मंदिर के,
आंखों में मेरे भर दे,
साईं तेरे दर पे,
साईं तेरे दर पे,
ख़ुद मैंने पाया,
साईं तेरे दर पे,
सारे गम भुलाया,
साईं तेरे दर पे......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30763/title/sai-tere-dar-pe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |